* R R - 0 0 0 4 / 3 2 0 0 *

# RR-0004

## First Year B. A. Examination

### March / April – 2010

### Hindi Compulsory

Time : Hours] [Total Marks : **70**

**સૂચના :**
(૧)

| | |
|---|---|
| નીચે દર્શાવેલ ☛ નિશાનીવાળી વિગતો ઉત્તરવહી પર અવશ્ય લખવી.<br>**Fillup strictly the details of ☛ signs on your answer book.**<br>Name of the Examination :<br>☛ **F. Y. B. A.**<br>Name of the Subject :<br>☛ **Hindi Comp.**<br>☛Subject Code No. : **0 0 0 4** ☛Section No. (1, 2,.....) : **Nil** | Seat No. :<br><br>Student's Signature |

१ खण्डकाव्य के लक्षणों के आधार पर 'शबरी' खण्डकाव्य की समीक्षा कीजिए । १०

**अथवा**

१ शबरी का चरित्र–चित्रण कीजिए । १०

२ (अ) टिप्पणी लिखिए : ५

(१) 'शबरी' खंडकाव्य का उद्देश्य ।

**अथवा**

(१) राम की भक्तवत्सलता ।

(ब) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : ५

''जिन्हें न थे स्वीकार
धर्म नैतिकता के ये बन्धन
आर्य जाति के होने पर भी
कहलाये राक्षस गण ।''

**अथवा**

(ब) ''निर्मम तो प्रकृति भी है
पर उससे भी निर्मम मानव
सब भोजन हैं इसके तो
यह कैसा भूखा दानव !!''

૩ निम्नलिखित पंक्ति का पल्लवन कीजिए : ૧૦

(૧) हिंसा बुरी चीज है, पर दासता उस से भी बुरी है ।

अथवा

(૨) भावना जीवन की हरियाली है, भावना विहीन जीवन मरुस्थल है ।

૪ निम्नलिखित परिच्छेद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : ૧૦

સમય સાથે તો આપણો સંબંધ વિચિત્ર અને ન સમજી શકાય એવો છે. અમુક માણસોને કાયમ સમયની ખેંચ રહે છે, જ્યારે બીજાને તે કેમ પસાર કરવો તે પ્રશ્ન હોય છે. અમુકને સમય મળતો નથી, જ્યારે અમુકને સમય જતો નથી. સમય પસાર કરવા તેઓ પ્રવાસ કરે છે,પત્તાં રમે છે, જાત જાતના નુસખા કરે છે પણ સમય દર વખતે મોંઢું ફાડીને તેની સામે ઊભો જ હોય છે એટલે પ્રવાસ કરીને તેઓ વધુ થાકે છે.

૫ निम्नलिखित परिच्छेद का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए । ૧૦

इस प्रकार हिन्दु–मुसलमान सिक्ख सभी धर्मों में एक ही प्रकार की उदारता है। तो फिर मनुष्य धर्म के नाम पर इतना उन्मत क्यों हो गया है ? असल बात यह है कि इन झगड़ों के कारण धर्म नहीं है, इनके मूल में स्वार्थ है । स्वार्थ–साधन के कारण ही यह सब दंगा–फसाद है । निकृष्ट स्वार्थ–साधक धर्म का अपने ही स्वार्थ के लिए व्यवहार करते हैं । उन्हीं स्वार्थ–साधक के कारण आज हिन्दुत्व भी विपन्न हो रहा है, इस्लाम भी नष्ट हो रहा है और सिक्ख धर्म भी आहत हो रहा है । ऐसे ही हीनकर्मी व्यक्तियोंने प्राचीन काल में धर्म के नाम पर ईसामसीह को फाँसी पर लटकाया था ।

૬ पत्र लिखिए : ૧૦

गौतम पटेल अपने मित्र जयंतकुमार को राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिख रहा है ।

अथवा

૬ ग्रीष्म की छुट्टियों में आप की कॉलेज के छात्र उत्तर भारत के प्रवास में जा रहे हैं । पिताजी से पत्र लिखकर उसमें सम्मिलित होने की अनुमति मांगिए ।

७ (अ) किन्हीं **चार** शब्द के पर्याय शब्द लिखिए : ४

(१) पत्नी

(२) सूर्य

(३) आकाश

(४) असुर

(५) पृथ्वी

(६) बिजली ।

(आ) किन्हीं **दो** समश्रुत शब्द के अर्थ लिखिए : २

(१) दीन–दिन

(२) संकर–शंकर

(३) कुल–कूल

(४) पानी–पानि ।

(इ) किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए : ४

(१) मेरा प्राण निकल रहा है ।

(२) गीता का आवाज मधुर है ।

(३) मैं मेरी पुस्तक पढता हूँ ।

(४) भारत में कई विशाल नदीया है ।

(५) ये फूलों में गुलाब नहीं है ।

(६) उसने भाषण दिया ।